NSW Health

चाइल्ड डेंटल बेनेफिट्स शेड्यूल (बच्चों के लिए दाँत सम्बन्धी सुविधा कार्यक्रम)

पूछे जाने वाले आम सवाल

चाइल्ड डेंटल बेनेफिट्स शेड्यूल क्या है?

चाइल्ड डेंटल बेनेफिट्स शेड्यूल (CDBS) एक प्रोग्राम है जो पात्र बच्चों और किशोरों को दांतों की बुनियादी देखभाल के लिए दो केलेंडर वर्षों के दौरान Medicare बेनेफिट्स (लाभों) में $1,095 तक की राशि उपलब्ध कराता है।

क्या मेरी संतान CDBS के लिए पात्र है?

बच्चे और किशोर CDBS के लिए पात्र हैं यदि:

- केलेंडर वर्ष के किसी एक दिन उनकी आयु 0 से 17 साल की हो
- वे Medicare के लिए पात्र हैं
- ऐसे परिवार का हिस्सा हैं जिसे Family Tax Benefit Part A (फैमिली टैक्स बेनेफिट पार्ट ए) मिलता है या बच्चे/बच्ची को Department of Human Services (मानव सेवाएँ विभाग) के माध्यम से उपलब्ध सूची में से ऑस्ट्रेलियाई सरकार की ओर से भुगतान मिलता है

मुझे किसी सरकारी डेंटल क्लिनिक पर CDBS का प्रयोग करने के लिए वित्तीय सहमति फॉर्म पर हस्ताक्षर करने के लिए क्यों कहा जाएगा?

- यह सरकारी डेंटल सेवाओं को CDBS के लिए पात्र बच्चों के लिए Medicare से बेनेफिट्स क्लेम करने हेतु सक्षम बनाता है
- इन बेनेफिट्स का प्रयोग सेवाओं में सुधार करने और दांतों की देखभाल की आवश्यकता वाले अधिक रोगियों का इलाज करने के लिए किया जाएगा।

यदि मैं किसी सरकारी डेंटल क्लिनिक पर अपनी संतान के बेनेफिट का प्रयोग करूँ तो क्या मुझसे कोई शुल्क लिया जाएगा?

नहीं। NSW की सरकारी डेंटल क्लिनिक्स आपसे बिना कोई शुल्क लिए आपकी संतान की देखभाल प्रदान करेंगी। भले ही आप $1,095 की Medicare CDBS बेनेफिट सीमा पर पहुँच जाएँ, या आपकी संतान को ऐसे इलाज की ज़रूरत हो जो CDBS द्वारा प्रदान नहीं किया जाता हो तो भी आपसे इन सेवाओं के लिए शुल्क नहीं लिया जाएगा।

मैं CDBS के बारे में और अधिक जानकारी का पता कहाँ लगा सकता/ती हूँ?

NSW की सरकारी डेंटल सेवाओं में CDBS के बारे में जानकारी के लिए यह वेबसाइट देखें: health.nsw.gov.au/cdbs

CDBS के बारे में सामान्य जानकारी के लिए Department of Human Services की वेबसाइट देखें।

और अधिक जानना चाहते/ती हैं?

हमारे कर्मचारियों से पूछें या **health.nsw.gov.au/cdbs** देखें

February 2024 © NSW Health. SHPN (COHS) 220255-8 Hindi